
**गुरु पूर्णिमा** | गुरु दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार, सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

# गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब





**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को अनूपपुर जिले सहित पवित्र नगरी अमरकंटक में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न आश्रमों में गुरुजनों के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने विधि-विधान से गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया तथा मां नर्मदा के दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित श्री राधा-जानकी मंदिर में श्रीहरिनाम संकीर्तन सभा के तत्वावधान में सुंदरकांड का पाठ, हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर



प्रसाद ग्रहण किया।

### आश्रमों में दिनभर चला गुरु पूजन

गुरु पूर्णिमा पर अमरकंटक के शांति कुटी, कल्याण आश्रम, मृत्युंजय आश्रम, मार्कंडेय आश्रम, धारकुंडी आश्रम, गीता स्वाध्याय आश्रम, खैरहा बाबा आश्रम सहित अनेक आश्रमों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गुरुजनों के चरण पूजकर चंदन, अक्षत, पुष्प, श्रीफल, दक्षिणा और साल अर्पित किए तथा दीप प्रज्ज्वलित कर आरती उतारी।

### गुरु-शिष्य परंपरा का जीवंत स्वरूप

गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। सनातन परंपरा में इस दिन प्रथम गुरु महर्षि वेदव्यास का स्मरण किया जाता है। मान्यता है कि गुरु ही ज्ञान, धर्म और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर संतों ने अपने शिष्यों को धर्म, सेवा, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नर्मदा कुंड में स्नान, भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण

मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में श्रद्धालुओं ने नर्मदा कुंड में स्नान कर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। आश्रमों में भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और भंडारे के आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। आश्रमों के आसपास मेले जैसा दृश्य देखने को मिला, जहां दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### कोतमा न्यायालय में भी मनाई गई गुरु पूर्णिमा

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कोतमा न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं और गुरुजनों का सम्मान कर गुरु-शिष्य परंपरा को नमन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन में सही दिशा और मूल्यों का मार्ग भी दिखाते हैं। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पति ने पत्नी पर हसिए से किए 20-25 वार

**खुद पुलिस को फोन कर दी वारदात की जानकारी आरोपी गिरफ्तार**



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के धुम्मा गांव में मंगलवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक पति ने अपनी पत्नी पर धारदार हसिए से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी ने खुद डायल-112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान शिवरतन गोंड के रूप में हुई है। घायल महिला ममता बाई का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

### महिला की हालत गंभीर

डॉक्टरों के मुताबिक महिला के शरीर पर करीब 20 से 25 गहरे घाव मिले हैं, जिनमें सिर और चेहरे पर 12 से 15 तथा हाथ-पैर व शरीर के अन्य हिस्सों पर 8 से 10 वार किए गए हैं। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### ससुर को सुनाई दी चीख-पुकार

घायल महिला के ससुर गेंदलाल सिंह गोंड ने बताया कि घटना के समय वह खेत से लौटकर घर पर खाना खा रहे थे। बहू उन्हें खाना देने के बाद अपने कमरे में चली गई थी। इसी दौरान उनका बेटा शिवरतन कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद बहू की चीख-पुकार सुनाई दी। थोड़ी देर बाद शिवरतन खुद कमरे से बाहर निकला। उसके हाथ में खून से सना हसिया था।

### पति ने कहा- लोग मुझे पागल कहते हैं

अस्पताल में होश आने पर ममता बाई ने बताया कि सुबह वह खेत में काम करने गई थी। घर लौटने के बाद ससुर को खाना देकर अपने कमरे में चली गई। तभी पति कमरे में आया और अंदर से कुंडी लगा दी। विरोध करने पर उसने कहा, लोग मुझे पागल कहते हैं, और दीवार पर टंगे हसिए से लगातार हमला कर दिया।

## नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने संभाला पदभार



**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिले के नवागत कलेक्टर रत्नाकर झा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में प्रशासनिक कार्यों की नई शुरुआत मानी जा रही है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वर्ष 2012 बैच के अधिकारी रत्नाकर झा इससे पूर्व अपर आयुक्त (राजस्व) उज्जैन के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता के लिए पहचाने जाने वाले श्री झा ने इससे पहले डिंडोरी जिले के कलेक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा उन्होंने मध्य प्रदेश शासन के श्रम विभाग में उप सचिव तथा लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य करते हुए शासन की अनेक योजनाओं और प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

**एक नजर में**



### श्रमिकों और किसानों को वितरित किए सुरक्षा उपकरण

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के रक्सा-कोलमी स्थित टोरेंट पावर प्रोजेक्ट में श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कंपनी प्रबंधन ने सुरक्षा सामग्री वितरण अभियान चलाया। इस दौरान परियोजना में कार्यरत सभी श्रमिकों के साथ-साथ उन स्थानीय किसानों को भी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिनकी भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी और वे वर्तमान में कंपनी में कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी शूज़ और रिफ्लेक्टर जैकेट सहित आवश्यक सुरक्षा सामग्री वितरित की गई। साथ ही कर्मचारियों को कार्यस्थल पर प्रतिदिन निर्धारित सुरक्षा उपकरण पहनने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी


**नवभारत, जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर देने के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय, जबलपुर के प्रवेश मेला संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रवेश मेला आयोजित किया जा रहा है, जहाँ विद्यार्थियों को हर संभव सहायता मिल रही है। स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्र यहाँ पहुंचकर एक ही दिन में पंजीयन, चॉइस फिलिंग और सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं और आवंटन के बाद निर्धारित समय में शुल्क भुगतान कर अपना प्रवेश पक्का कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन और प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने सभी पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे उन्हें मनपसंद विषयों में प्रवेश मिले और तकनीकी दिक्कतों से बचा जा सके।

**60 प्रतिशत से ज्यादा जलने से हालत गंभीर**

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक झुलसा

**कोतमा नवभारत 29 जुलाई।** हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से 18 वर्षीय मजदूर मोनू यादव गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को आनन फानन में कोतमा शासकीय अस्पताल में भर्ती कराने के बाद प्राथमिक उपचार कर भिलाई ले जाया गया।

सूत्रों के अनुसार युवक 60 प्रतिशत से ज्यादा जल गया है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों एवं स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार शाम लगभग 5 बजे मोनू यादव देवगंवा सोसाइटी के कर्मचारी सुरेंद्र पांडे के मकान में कार्य कर रहा था। इसी दौरान निर्माणधीन घर के



ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे मौके पर ही तड़पने लगा। घटना से आस पास के लोग सकते में आ गए।

### पूरे मामले को दबाने की कोशिश का आरोप

बताया जाता है कि 11 केवी लाइन ऊपर होने के बाद भी लापरवाही पूर्वक काम कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे मामले को दबाने की नीयत से आनन फानन में बाहर ले जाया गया है। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों में मकान मालिक की लापरवाही को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। नगर पालिका एवं बिजली विभाग से बिना अनुमति निर्माण कराने के कारण घटना हुई है, जिससे युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# लाड़ली बहना योजना से 5,053 महिलाओं के नाम हटे

**1.25 लाख से अधिक हितग्राहियों को मिल रहा लाभ**

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की सूची का लगातार सत्यापन किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत अब तक जिले की 5 हजार 53 महिलाओं के नाम विभिन्न कारणों से योजना की पात्रता सूची से हटाए जा चुके हैं। वर्तमान में जिले की 1 लाख 25 हजार 635 पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के नियमों के तहत




60 वर्ष की आयु पूरी करने वाली महिलाओं को लाड़ली बहना योजना से हटाकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी अन्य योजनाओं से जोड़ा जाता है।

### आयु सीमा पूरी होने के कारण नाम हटाए गए

इसी क्रम में वर्ष 2024 में 1,608, 2025 में 1,553 तथा 2026 में अब तक 962 महिलाओं के नाम आयु सीमा पूरी होने के कारण सूची से हटाए गए हैं। इसके अलावा अब तक 667 महिलाओं की मृत्यु होने पर उनके नाम भी योजना से विलोपित किए गए हैं। वहीं 263 महिलाओं ने सरकारी सेवा में चयन, पात्रता समाप्त होने या अन्य व्यक्तिगत कारणों से स्वयं योजना का लाभ छोड़ने के लिए आवेदन दिया, जिसके आधार पर उनके नाम भी सूची से हटा दिए गए।

### नए नाम जोड़ने के लिए लगातार मिल रहे आवेदन

जहां एक ओर पात्रता समाप्त होने के कारण नाम हटाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर योजना में नए पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ने के लिए लगातार आवेदन भी प्राप्त हो रहे हैं। जनसुनवाई और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्रत्येक माह दर्जनों आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग तक पहुंच रहे हैं, जिनकी नियमानुसार जांच की जा रही है।

# संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे : चौरसिया

**भाजपा मंडल राजनगर ने मनाई संत रविदास जयंती**

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर द्वारा मंगलवार को राजीव गांधी भवन में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि तथा नगर परिषद के मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) का सम्मान भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित



एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। नगर परिषद झूमर कछार के अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया, सुरेश गौतम, गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के प्रतीक थे।

### मनोनीत पार्षदों का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह तथा नगर परिषद राजनगर और डूमर के मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) देवनाथ त्रिपाठी, महेश जेठानी, सुनीता सिंह, रोहित यादव, ममता पात्रों एवं पंचम पाव का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, नगर परिषद राजनगर अध्यक्ष यशवंत सिंह, मंडल महामंत्री सचिन द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता अमृतलाल केवट आदि उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

**गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन, शिक्षक लक्ष्मीनाथ को किया सम्मानित**

**जमुना कोतमा भालूमाड़ा 29 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल भालूमाड़ा में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

15 दिनों तक चले विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का समापन समारोह विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह 'मिंटू' ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है और विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय होती है।

### सभी शिक्षकों को डायरी व पेन भेंट किया गया

इस अवसर पर विद्यालय के वर्ष शिक्षक तथा कक्षा 10वीं में संस्कृत विषय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिलाने वाले शिक्षक लक्ष्मीनाथ तिवारी का शॉल, श्रीफल एवं डायरी भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्य अतिथि धीरेंद्र सिंह मिंटू ने विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 10वीं की छात्राओं ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

## 1980 बैच ने पं. लज्जाशंकर झा स्कूल में किया पौधरोपण

**नवभारत, जबलपुर।** पं. लज्जाशंकर झा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक की 153वीं जन्मजयंती पर मॉडेलियन 1980 बैच द्वारा विद्यालय में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉ. नवीन शर्मा, विशिष्ट अतिथि जस्टिस श्रवण शंकर झा, मॉडेलियन सचिव हिमांशु राय, शाला प्राचार्य डॉ. संजय परिहार, मिडिल स्कूल प्राचार्या नीलिमा चौबे, पूर्व शिक्षक डॉ. एच.पी. स्थापक एवं आर.के. जैन ने पूर्व छात्रों, गुरुजनों और वर्तमान विद्यार्थियों के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के मिडिल स्कूल प्रांगण में एक औषधीय पौध वाटिका की स्थापना की गई, जिसके तहत विभिन्न प्रजातियों के 26 औषधीय पौधों तथा 16 अन्य उपयोगी, छायादार एवं फलदार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संयोजक युवराज जैन गढ़ावाल ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र जैसी गंभीर चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की, जबकि पौधारोपण कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों और युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण समाज के प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है।

**मामला सुलझा** | रेलवे-वन विभाग के बीच वर्षों से अटका मामला सुलझा, तेज होगा निर्माण कार्य

# फलाईओवर को मिली नई रफ्तार, जमीन विवाद खत्म

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर परियोजना को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। रेलवे और वन विभाग के बीच लंबे समय से लंबित जमीन विवाद का समाधान हो जाने के बाद अब निर्माण कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

सेतु निगम ने फ्लाईओवर का निर्माण 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सेतु निगम की मुख्य अभियंता सरस्वती त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे से भूमि हस्तांतरण में हुई देरी के कारण परियोजना करीब तीन वर्ष पीछे



चली गई। अब वन विभाग की दीवार हटाने और रेलवे द्वारा चिन्हित मकानों को हटाने की सहमति मिलने के बाद निर्माण कार्य में आ रही प्रमुख बाधाएं दूर हो गई हैं।

### लागत बढ़कर लगभग 20 करोड़ रुपये पहुंची

उल्लेखनीय है कि रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से करीब आठ वर्ष पहले फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू किया गया था। प्रारंभिक लागत लगभग 12 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी और इसे 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य लगातार प्रभावित होता रहा। परिणामस्वरूप अब परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 20 करोड़ रुपये पहुंच गई है।

# 23 साल बाद भी नहीं बना जिला न्यायालय भवन

**हाईकोर्ट सख्त, विधि सचिव को किया तलब**

**अनूपपुर, नवभारत 29 जुलाई।** वर्ष 2003 में जिला बनने के बावजूद अनूपपुर में आज तक जिला न्यायालय भवन और न्यायिक अधिकारियों के आवास का निर्माण नहीं हो सका है। 23 वर्षों से लंबित इस मामले में राज्य सरकार द्वारा बजट जारी नहीं किए जाने पर अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने प्रदेश के विधि सचिव को 3 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने अपने अनूपपुर प्रवास के दौरान जिला न्यायालय भवन निर्माण की घोषणा की थी।

इसके अलावा क्षेत्रीय विधायकों ने भी विधानसभा में यह मुद्दा उठाया और जिला न्यायालय अधिवक्ता संघ लगातार ज्ञापन सौंपकर बजट जारी करने की मांग करता रहा। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मामले में अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। याचिका पर पहली सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।